# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ✱ पिपरिया ✱ सोहागपुर ✱ मुलताई ✱ पांढुर्णा ✱ आमला ✱ टिमरनी ✱ खिरकिया

भोपाल 26 मई 2026


## न्यूज कार्नर

### सदस्यता अभियान के दौरान हुआ हंगामा



**जागरण सिवनी मालवा ।** सोमवार को बस स्टैंड स्थित तिवारी धर्मशाला में आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के सदस्यता अभियान के दौरान जमकर हंगामा हुआ। राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य दामोदर यादव के खिलाफ सर्व समाज ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दामोदर यादव के विरोध में नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। उल्लेखनीय है कि सदस्यता अभियान में शामिल होने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य दामोदर यादव सिवनी मालवा पहुंचे थे। कार्यक्रम की सूचना मिलते ही सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में धर्मशाला के बाहर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि दामोदर यादव ने पिछले महीने भगवान परशुराम और अन्य समाजों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी से समाज विशेष की धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई थीं, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। दामोदर यादव के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही प्रदर्शनकारियों ने उनका पुतला फूंक दिया। पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर जलते हुए पुतले को बुझाया और प्रदर्शनकारियों को समझाकर शांत कराया। प्रदर्शन कर रहे सर्व समाज के लोगों ने कहा कि समाज और धार्मिक आस्थाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई की मांग भी उठाई।

### स्क्रीनिंग कर 18 बंदियों को दिया उपचार

**जागरण नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के आदेश के अनुपालन में प्रतिमाह मई 2026 को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के खण्ड-अ में निरूद्ध बंदियों हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम से डॉ, अंकिता मेहतो मन कक्ष से नाजिया सिद्धिकी (क्लीनिकल सॉयक्लोजिस्ट), कांति यदुवंशी नर्सिंग ऑफिसर द्वारा परिरूद्ध 06 पुरुष बंदी एवं 12 महिला बंदी कुल 18 बंदियों की स्क्रीनिंग कर परामर्श एवं उपचार दिया गया। शिविर के दौरान श्री संतोष जेल अधीक्षक, प्रह्लाद सिंह बरकडे उप अधीयक्ष, हितेश बंदिया सहायक अध्यक्ष जेल, डॉ चौधरी अष्टकोण अधिकारी, डॉ. रिया तारूआ (मेडिकल प्रोफेसर), इंदुराज भंडारी (मेलनर्स) एवं जेल स्टाफ सहायक रहे।

### जिले में पेयजल आपूर्ति को लेकर कलेक्टर सख्त, अधिकारियों को दिए निर्देश

# शिकायतों का हो तत्काल निराकरण लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई

**जागरण नर्मदापुरम।** जिले में भीषण गर्मी और बढ़ती पेयजल समस्याओं को देखते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिले में कहीं भी पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने पीएचई विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल से जुड़ी शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करें तथा जहां भी पानी की समस्या सामने आए वहां तत्काल राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों को पानी के लिए परेशान नहीं होना चाहिए और प्रशासनिक अमला पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी पेयजल योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग की जाए। यदि किसी स्थान पर हैंडपंप खराब हैं या पाइपलाइन में तकनीकी समस्या है तो उसका त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जहां सुधार कार्य में अधिक समय लग रहा हो वहां वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पानी के टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगरीय क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी नगर पालिका एवं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जलापूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। यदि किसी मोहल्ले या वार्ड में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति से संबंधित शिकायतों को एक दिन से अधिक लंबित रखना गंभीर लापरवाही माना जाएगा। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने ऊर्जा विभाग को भी निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित नल-जल योजनाओं में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन काटे जाने जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गहरा सकता है, इसलिए विभाग समन्वय बनाकर कार्य करे। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों के दौरान सावधानी बरतने के भी निर्देश दिए तथा कहा कि सीवरेज लाइन या अन्य विकास कार्यों के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें लगातार सामने आती हैं। ऐसे मामलों में संबंधित एजेंसियां विशेष सतर्कता बरतें ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अप्रैल माह की ग्रेडिंग में कुछ विभागों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन कई विभाग अपेक्षा के अनुरूप कार्य नहीं कर पाए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी माह में प्रदेश स्तर पर शीर्ष पांच रैंकिंग में आने के लिए गंभीर प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के अधिकारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में चिकित्सा एवं कानून संबंधी मामलों की भी समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेडिकल-लीगल मामलों को शत-प्रतिशत ऑनलाइन दर्ज किया जाए। उन्होंने सीएमएचओ को प्रति सप्ताह समीक्षा करने और अधीनस्थ कर्मचारियों को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में खेल मैदानों के लिए भूमि चिन्हांकन, जनगणना 2027 की तैयारियों तथा आगामी मूंग उपार्जन की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। जनगणना से संबंधित रिपोर्ट समय पर उपलब्ध नहीं कराने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को आवश्यक जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एडीएम अनिल जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



#### उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मान

बैठक के दौरान प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक नीता कोरी एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की महाप्रबंधक साक्षी पटेल को 90 प्रतिशत से अधिक वेटेज स्कोर प्राप्त करने पर कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता कर गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले ताज खान को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## गंगा दशहरा : मंत्री ने की घाट की सफाई, महाआरती में हुए शामिल



**जागरण नर्मदापुरम ।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को गंगा दशहरा के अवसर पर सेठानी घाट पहुंचकर नित्य होने वाली नर्मदा महाआरती में शामिल होकर सस्वर में मां नर्मदा अष्टक का पाठ किया तथा मां नर्मदा की पूजन अर्चन कर उन्हें पुष्प भेंट कर चुनरी चढ़ाई। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को गंगा दशहरा के अवसर पर नर्मदापुरम जिले के विवेकानंद घाट पर पहुंचकर श्रमदान किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं झाड़ू लेकर घाट की सफाई की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने भाजपा जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर अभियान की रूपरेखा और जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के माध्यम से जल संरक्षण और जल-संस्कृति बचाने का व्यापक जन आंदोलन चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेशभर में तालाब पुनर्जीवन, चेक डैम निर्माण तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। गंगा दशमी के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की सभी जल संरचनाओं की सामूहिक सफाई तथा जन-भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।श्री राव ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, विकास नारोलिया, रूपेश राजपूत, राजा तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर परिषद ने पलकमति नदी में चलाया स्वच्छता व श्रमदान अभियान



**जागरण सोहागपुर।** गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को नगर परिषद द्वारा स्थानीय पलकमती नदी में स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण करना और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। सभी ने नदी के भीतर और घाटों के आस-पास उतरकर सफाई मोर्चा संभाला। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि गंगा दशहरा का दिन हमें जल की महत्ता याद दिलाता है। हमारी नदियों और जल संरचनाओं को स्वच्छ रखना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, एल्डरमैन नितिन कहार, उपयंत्री बृजेश खानुरकर, भूपेंद्र केवट सहित नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

## किसान को गालियां देने वाले जेई का भोपाल हुआ तबादला, शुरू नहीं हुई प्रकरण की जांच

**जागरण पिपरिया।** विद्युत समस्या निवारण शिविर में ग्राम मलकजरा में किसान के साथ अभद्रता व गाली गलौच करने वाले मंडल जेई महेंद्र गोंडे का तबादला भोपाल कर दिया गया है। इस मामले में अभी तक कोई जांच कार्यवाही शुरू नहीं हो सकी है। मंडल अधिकारियों का कहना है कि ऊपर से जैसे आदेश मिल रहे हैं उनका पालन किया जा रहा है।

गौरतलब है कि विद्युत मंडल चांदौन के जेई महेंद्र गोंडे ने किसान भगवानदास पटैल के साथ ना केवल अभद्रता की थी बल्कि किसान को गालियां देकर शिविर स्थल से निकाल दिया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद विद्युत मंडल पर उक्त जेई के खिलाफ कार्यवाही करने का दबाव था परंतु मंडल अधिकारियों ने अपने जेई का साथ देते हुए उनका तबादला आदेश ही निकाला है। इस आदेश के तहत उनका तबादला भोपाल ग्रामीण में किया गया है।

**किसान संगठन पूछ रहे सजा या मजा :** इलाके के किसान संगठन व युवा सोशल मीडिया पर सवाल खड़े कर रहे है की जेई ने किसान के साथ अभद्र भाषा का उपयोग किया है। किसान को शिविर स्थल से बाहर कर दिया। इसके ऐवज में उनका तबादला भोपाल किया गया है। अभी तक न तो मामले की जांच शुरू की गई है न ही निलंबन किया गया है। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने बनखेड़ी में प्रशासन को ज्ञापन देते हुए कहा है कि उक्त अधिकारी का निलंबन और जांच नहीं होती है तो हम उग्र आंदोलन करेगें।

किसान नेता जितेंद्र भार्गव का कहना है कि भोपाल तबादला करना कही न कही किसानों के साथ छलावा करना है। विद्युत मंडल अधिकारी उसको बचा रहे है। यदि निलंबन होता है तो अधिकारी को आधी तन्खाह दी जाती है। जबकि इस मामले में तो चांदौन जैसे ग्रामीण इलाके से उठा कर जेई को भोपाल में बैठा दिया है।




विरोध स्वरूप धरने पर बैठे किसान संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

### इनका कहना है ...

जेई का तबादला आदेश आया है। ऊपर अधिकारी तय करेंगे की जांच कब होना है। जैसे ही जांच का कोई आदेश आता है तो जांच की जाएगी।

**-दिनेश चंद्र भदौरिया**
डीई पिपरिया विद्युत मंडल

## सातवें दिन उग्र हुआ आंदोलन, चक्काजाम कर जलाया पुतला

**जागरण माखननगर।** आबादी क्षेत्र से वाइन शॉप हटाने की मांग को लेकर सरपंच संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामवासियों द्वारा जारी धरने ने सातवें दिन उग्र रूप लेना प्रारंभ कर दिया। आज ग्रामवासियों द्वारा घंटों चक्काजाम किया गया। साथ ही आबकारी विभाग का पुतला दहन किया गया। सभी ग्रामवासियों का कहना है कि जब तक दुकान नहीं हटेगी तब तक धरना बंद नहीं होगा आगे आंदोलन और उग्र करने की चेतावनी दी गई है। वहीं धरना स्थल पर सोमवार से अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया।

**आमरण अनशन की दी चेतावनी** - धरना स्थल पर उपस्थित ग्रामवासियों का कहना है कि अगर मांग नहीं मानी गई तो शीघ्र ही आमरण अनशन प्रारंभ किया जाएगा वहीं महिलाओं द्वारा चेतावनी दी गई कि प्रशासन शीघ्र समस्या का हल करें नहीं तो उग्रता में जो नुकसान होगा उसका प्रशासन जिम्मेवार होगा। उल्लेखनीय है कि माखननगर के ग्राम गनेरा में स्थित शराब दुकान को हटाने के लिए पिछले दिनों से ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। सोमवार को आंदोलन का 7वां दिन था।

## राजकुमार गुप्ता लघु व्यावसायिक प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने

**जागरण माखननगर।** सक्रिय कांग्रेस नेता एवं प्रखर वक्ता राजकुमार गुप्ता को कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर फुटकर एवं लघु व्यावसायिक सामाजिक प्रकोष्ठ का नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति में वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कामले एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह सहित जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। राजकुमार गुप्ता एक संघर्षशील और संगठन क्षमता के धनी नेता के रूप में दशकों से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। उनकी नियुक्ति से माखननगर सहित जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल है। ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों और समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रकोष्ठ संगठन को नई मजबूती और ऊर्जा मिलेगी।



नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा जो विश्वास उन पर जताया गया है, उस पर वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में जिला कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाया जाएगा तथा फुटकर एवं लघु व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। श्री गुप्ता की नियुक्ति को कांग्रेस संगठन के विस्तार और व्यापारिक वर्ग के बीच पार्टी की मजबूत पकड़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## गंगा दशहरा पर गोंदरी घाट से निकाली भव्य 12 ज्योतिर्लिंग कलश यात्रा



**जागरण नर्मदापुरम।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम की नवांकुर संस्था ज्ञान सरोवर वेलफेयर सोसाइटी एवं निष्ठा नगर विकास समिति मालाखेड़ी के संयुक्त तत्वावधान में नर्मदा के पावन गोंदरी घाट से भव्य 12 ज्योतिर्लिंग कलश यात्रा निकाली गई। मां नर्मदा के जयकारों, ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय वातावरण के बीच निकली इस यात्रा ने पूरे नगर को शिवमय बना दिया। कलश यात्रा में 200 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर जल-कलश रखकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा गोंदरी घाट से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई 12 ज्योतिर्लिंग स्थल तक पहुंची, जहां विधि-विधान से जलाभिषेक किया गया। यह आयोजन टास्क मैनेजर दरयाव सिंह सूर्यवंशी, संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी, जिला समन्वयक पवन सहगल एवं विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना एवं धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में ज्ञान सरोवर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष साहिल तिलोटिया, परामर्शदाता राजेंद्र कुशवाहा, निष्ठा नगर विकास समिति की अध्यक्ष मालती राणा, सचिव चांदनी कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## काव्य गोष्ठी में गूंजे स्वर.. यह यारों का शहर है

**जागरण सोहागपुर।** गंगा दशहरा एवं आल्हा जयंती की पूर्व संध्या पर पलकमती साहित्य परिषद की मासिक गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ कवि मथुरा प्रसाद जोशी के निवास पर हुआ। जिसमें मौजूद कवियों के द्वारा समसामयिक विषयों पर मौलिक रचनाओं की प्रस्तुति दी गई।

कवियित्री स्वर्णा तिवारी ने मां शारदा की वंदना के साथ अमेरिका एवं ईरान के बीच चल रहे युद्ध के परिणाम, दुनिया के बदलते आर्थिक हालात सहित शांति की मांग पर मैं तुम्हारी किताबों का हिस्सा नहीं बन सकती , क्योंकि मैं जीवंत हूं। तुम्हारी किताबों की पहली शर्त है , मृत हो जाना कविता की प्रस्तुति दी। कृतिका दुबे कनक ने भावनाओं के सैलाब में बहते नजर आते हैं कष्टों की बुनियाद में सहते नजर आते हैं कविता का पाठ किया। शायर जलज शर्मा ने इश्क की जब दिल से बंदगी निकलती है। जब भी मरता है दीवाना, जिंदगी निकालती है। मैं बर्बाद तमन्ना हूं , मुझे बर्बाद ही रखना। है यही जन्नत , जो तेरी बंदगी निकलती है रचना की प्रस्तुति दी।



वरिष्ठ कभी मथुरा प्रसाद जोशी ने धूप जब जब तपी तरबतर हो गई। मां के आंचल की छाया सघन हो गई। उम्र दिन भर चली , शाम को सो गई। जैसे मुट्ठी की रेता सरकती गई। उसे जब जब दबाया मुठी बीचकर छोड़कर आशियाना गुजरती गई कविता का पाठ किया। गोष्ठी का संचालन कर रहे युवा कवि रवि नागेश ने यह मंदिरों का शहर है , गुरुद्वारों का शहर है। हर दिल में भाईचारा , यह यारों का शहर है। हइसके अलाा शिक्षक बालमुकुंद पटेल, श्वेतल दुबे सहित अन्य कवियों ने गोष्ठी में अपनी रचनाओं का पाठ किया।

### खेल स्पर्धा | क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण बना श्रीराम कप सीजन-2 महासंग्राम

## कल खेले जाएंगे प्रतियोगिता के रोमांचक सेमीफाइनल

**जागरण पचमढ़ी।** पचमढ़ी की हसीन वादियों में इन दिनों क्रिकेट का सबसे बड़ा महासंग्राम श्रीराम कप सीजन-2 अपने चरम रोमांच पर पहुंच चुका है। वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवशाली अवसर को समर्पित यह भव्य ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट अब क्वार्टर फाइनल और फाइनल मुकाबलों के साथ खेल प्रेमियों की धड़कन बन गया है। वहीं मशहूर कॉमेंटेटर बादशाह खान की दमदार और जोशीली कमेंट्री मुकाबलों में रोमांच का अलग ही रंग भर रही है। चौकों-छक्कों के बीच उनकी आवाज दर्शकों के उत्साह को कई गुना बढ़ा रही है। आयोजन समिति द्वारा प्रतिदिन मंच से पूर्व सैनिकों, पत्रकार बंधुओं, सामाजिक संगठनों, टैक्सी यूनियन सदस्यों, होटल संचालकों एवं नगर के अनेक सम्मानित नागरिकों का सम्मान किया जा रहा है, जिससे यह आयोजन पूरे क्षेत्र में सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गया है।

श्रीराम मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस क्रिकेट महाकुंभ में नर्मदापुरम जिले सहित करेली, बुधनी, गौहरगंज एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की कुल 20 दमदार टीमों ने सहभागिता दर्ज की। प्रत्येक टीम में 2 आइकॉन खिलाड़ियो की एंट्री ने टूर्नामेंट को और भी हाई-वोल्टेज बना दिया, जिसके चलते मध्यप्रदेश के कई नामी और प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने।



अब 27 मई को नर्मदापुरम रफ्तार व जिला भौंखेड़ी सोहागपुर , पचमढ़ी व सान्वी मटकुली, तनिष इलेवन भैरोपुर करेली व महावीर इलेवन सोहागपुर, मिक्स एमजीएचएम एकता व देव कृपा उमरखेड़ी बाबई के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी महायुद्ध से कम नहीं होंगे। दर्शकों एवं पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर विशेष फैमिली पवेलियन एवं पर्यटक पवेलियन की व्यवस्था की गई है। पचमढ़ी घूमने आने वाले पर्यटक भी इस क्रिकेट महाकुंभ का भरपूर आनंद ले रहे हैं। वहीं पूरे टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण आरएस गैलरी यूट्यूब चैनल पर किया जा रहा है, जिससे हजारों क्रिकेट प्रेमी घर बैठे मुकाबलों का रोमांच महसूस कर रहे हैं। समिति के आयोजन प्रमुख रूपेन्द्र मन्नू साहू ने बताया कि 27 मई को सेमी फाइनल मुकाबलों के साथ भव्य फाइनल एवं समापन समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

# आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच और विहाररत साधु-संतों के लिए विशेष सुरक्षा की मांग

### जैन संतों की सुरक्षा को लेकर समाज में आक्रोश, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति की उठी मांग, संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, हरदा।** विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर जैन समाज में गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। हाल ही में रीवा में विहार के दौरान आर्यिका माताजी के साथ हुई दुखद दुर्घटना में संघ की पूज्य आर्यिकाओं के असामयिक निधन के बाद समाज ने इसे अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए निष्पक्ष, उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है। समाज जन का डेलीगेशन कलेक्टर सिद्वार्थ जैन से मिला तथा उन्होंने इस गंभीर चिंता व्यक्त कर प्रशासन तक अपनी बात रखी। इसी क्रम में श्री दिगंबर जैन संस्था हरदा एवं राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान समिति के तत्वावधान में जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को सौंपा गया। समस्त जैन समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन की ओर से जिला प्रशासन राज्य शासन एवं केंद्र सरकार को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि यह घटना केवल एक सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं मानी जा सकती। उपलब्ध तथ्यों, वीडियो क्लिपों एवं परिस्थितियों के आधार पर समाज में गंभीर आशंका का वातावरण बना हुआ है। ऐसे में पूरे प्रकरण की एसआईटी अथवा न्यायिक जांच कराई जाना आवश्यक है। साथ ही घटना से जुड़े सभी सीसीटीव्ही फुटेज, वीडियो एवं डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि जैन साधु-संत पूर्णतः अहिंसक, निहत्थे एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते और समाज को शांति, संयम तथा अहिंसा का संदेश देते हैं। इसके बावजूद लगातार बढ़ती दुर्घटनाएं एवं हमले अत्यंत चिंताजनक हैं। समाज ने विहाररत संतों की सुरक्षा के लिए संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग करते हुए विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण, चेतावनी संकेतक एवं हाईवे क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही है। इसके साथ ही भारत सरकार से राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाए जाने की मांग भी की गई है, जिसमें पैदल विहार करने वाले संतों हेतु राष्ट्रीय गाइडलाइन, सुरक्षा एसओपी एवं संवेदनशील मार्गों के लिए विशेष प्रावधान शामिल हों। ज्ञापन में संतों के विरुद्ध अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखने तथा स्थानीय स्तर पर संत सुरक्षा समन्वय प्रकोष्ठ और आपातकालीन संपर्क व्यवस्था बनाने की भी मांग की गई है। जैन समाज ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना एवं तपस्वी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। समाज की ओर से कहा गया कि जो स्वयं निहत्थे होकर भी मानवता को अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं, उनकी सुरक्षा करना समाज और शासन दोनों का नैतिक दायित्व है। संत सुरक्षा केवल एक समाज का विषय नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक विरासत की सुरक्षा का प्रश्न है। ज्ञापन के दौरान सुरेन्द्र जैन, महेंद्र अजमेरा, अनूप बजाज, स्वदेश गंगवाल, मुकेश बकेवरिया, सरगम जैन, सचिन सिंघई, प्रदीप अजमेरा, संजय जैन, अर्पित लहरी, हेमंत जैन, सुनील पाटनी, राजीव जैन, आलोक जैन, स्वतंत्र गंगवाल, ऋषभ जैन, नमन बजाज, अभिषेक बड़जात्या, रेणु जैन, उषा बड़जात्या, अधिवक्ता तनुजा शाह, संध्या बजाज, मीरा जैन, राजुल फणिश, चेतन लहरी, पंकज जैन, रितेश जैन, सिद्धार्थ कटनेरा, गौतम जैन आदि उपस्थित रहे।

## खिरकिया में सकल जैन समाज ने निकाला मौन जुलूस, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरण, खिरकिया।** स्थानीय सकल जैन समाज द्वारा सोमवार को जैन संतों एवं साध्वियों की पद विहार के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में दिया गया। इस अवसर पर चंपालाल भंडारी, रमेशकुमार जैन, मनोज जैन, अनिल मुणोत, ज्ञानचंद मेहता, इन्दरचंद श्रीमाल, कैलाशचंद जैन, विनोद जैन, विवेक जैन, धनंजय जैन, अनूप जैन, विक्रम नागडा, संजीव बबलू जैन, आशीष समदडिया, राहुल जैन, मयूर जैन, नीलेश जैन, वैभव जैन, विजय कोचर, पंकज भंडारी, जिम्मी जैन, अभिषेक जैन बबलू, आशीष जैन, आशीष श्रीमाल, नितिन विनायक, अंशुल जैन, आदेश चोपडा, अंकित जैन, अक्षय भंडारी, अंकित सेठी, नैतिक जैन, मंजू जैन, स्मिता मुणोत, ऊषा जैन, मधु जैन, रचना जैन, सुरेखा सेठी, गुंजन जैन, विनीता जैन, कामिनी जैन, दीपा जैन, रश्मि जैन, सुनील जैन सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



**जागरण, टिमरनी।** हाल ही में विहार में हुई संत समाज से जुड़ी दुखद घटना को लेकर टिमरनी के विभिन्न जैन संगठनों एवं सामाजिक इकाइयों द्वारा उच्चस्तरीय जांच और संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में संपूर्ण जैन संगठन एवं युवा इकाई टिमरनी, तारण तरण दिगंबर जैन समाज टिमरनी, अखिल भारतीय जैन युवा संगठन टिमरनी एवं जागृति महिला मंडल इकाई टिमरनी शामिल रहे।

## न्यूज कार्नर

### गंगा दशहरे पर हुआ जलस्रोत पूजन



**जागरण, खिरकिया।** तहसील की ग्राम पंचायत चौकड़ी में गंगा दशहरा पर जल स्त्रोत पूजन एवम गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। गंगा दशहरा के अवसर पर जन अभियान परिषद, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चौकड़ी, ग्राम पंचायत चौकड़ी एवम नवांकुर कृष्ण रेखा सामाजिक सेवा संस्था द्वारा जल स्त्रोत पूजन एवम गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक विनीता शाह, ग्राम के सरपंच अशोक पचेरवाल एवम ग्राम के वरिष्ठजनों के हाथो पंडित विनोद सीटोले द्वारा मंत्रोचार के साथ जल स्त्रोत का पूजन करवाया गया। इसके बाद कन्याओं और ग्रामीणों के साथ जल से कलश भर के स्थानीय मंदिर की ओर यात्रा ने प्रस्थान किया। ब्लॉक समन्वयक विनीता शाह द्वारा ग्रामीणों से पुराने जलस्त्रोतो को बचाने एवम पुनर्जीवित करने हेतु अनुरोध किया। मंदिर पहुंच कर शिवलिंग पर जल अर्पित किया। इस दौरान परामर्शदाता ऋषि विश्नोई, प्रस्फुटन समिति के केवलराम गौर, बलराम महाजन, ग्राम पंचायत सचिव रामस्वरूप निकूम, रोजगार सहायक सुनील गौर, निर्मल महाजन, निलेश नागले, हीरालाल महाजन, श्याम महाजन, लोकेश, विष्णु प्रसाद गौर, नारायण महाजन, राहुल महाजन एवम ग्रामीण उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों को खेल सामग्री की प्रदान



**जागरण, टिमरनी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए न्यू एसबीएस क्लब टिमरनी को कबड्डी मैट, खेल सामग्री एवं शेल्टर चेयर प्रदान की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय शाह एवं नगर परिषद अध्यक्ष देवेन्द्र भारद्वाज द्वारा खेल सामग्री एवं कबड्डी मैट का वितरण किया गया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सचिन दुबे, सुनील दुबे, अक्षय शांडिल्य, मुबारिक शाह, राजकुमार चंदेल, गगन बोरसे, सिमरन अग्रवाल एवं आरती भिलाला सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। ब्लॉक समन्वयक हिना अली ने बताया कि क्लब को मैट विभाग के नियम एवं शर्तों के अनुसार प्रदान की गई है, जिसका अनुशरण क्लब द्वारा किया जाएगा एवं प्रभावी ढंग से खेल गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण भी किया गया एवं उपलब्ध खेल सुविधाओं, जिम उपकरणों तथा प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अंकित जोशी, क्लब के खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद में समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

### पेयजल की गंभीर समस्या, साफ-सफाई भी नहीं हो रही



**जागरण, खिरकिया।** नगर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर आज गांधी चौक पर कांग्रेस नेताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद कार्यालय में धरना दिया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। यह धरना नेता प्रतिपक्ष श्रीमती किरण नरेंद्र आठनेरे के नेतृत्व में तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक दोगने के निर्देशन में आयोजित किया गया। ज्ञापन में नगर की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से उठाया गया। इसमें बताया गया कि शहर के कई वार्डों में शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है, वहीं सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। इसके अलावा नगर परिषद में कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता से अधिक होने के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन के अनुसार छीपाबड़ क्षेत्र के महाराणा चौक पर सार्वजनिक शौचालय का अभाव है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही जल प्रदाय अनियमित है और शहर में बनाए गए अधिकांश सड़कें गुणवत्ताहीन बताई गई हैं, जो निर्माण के कुछ समय बाद ही खराब हो चुकी हैं। कांग्रेस नेताओं ने नगर परिषद की दैनिक एवं साप्ताहिक बाजार वसूली में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। इसके अलावा तालाब एवं गौमुख के सौंदर्यीकरण कार्य अधूरे होने पर भी नाराजगी जताई गई। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आगामी आठ दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी द्वारा अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी रचना जैन, सुगन भंडारी, दुर्गा दास पाटिल, सूरज राजपूत, नरेन्द्र आठनेरे, शंकर सोलंकी, आशुतोष कोठारी, वंदना इरलावत, असलम पठान, लोकेश जायसवाल, गोल्डी कुशवाह, देवेन्द्र राजपूत, मंजीत बघेल, जगदीश धार्मिक, सुमित ओनकर, हार्दिक जायसवाल, पूनम सेजकर आदि मौजूद रहे।

## बरसात के दौरान सभी पुल-पुलियाओं पर बेरिकेड एवं चौकीदार तैनात रहें

### अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों संबंधी बैठक आयोजित



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में सोमवार को अतिवर्षा एवं बाढ की स्थिति से निपटने संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिवृष्टि एवं बाढ की स्थिति से निपटने के लिये संबंधित विभागों को अभी से तैयारी करने के निर्देश दिये गये। साथ ही कहा गया कि वर्षा से जल मग्न होने वाले स्थानों पर आमजन को सचेत करने वाले सूचना बोर्ड लगाये जाएं। बरसात के दौरान सभी पुल-पुलियाओं पर बेरियर लगे हों एवं चौकीदार तैनात रहें। पुल पुलियाएं जल मग्न होने की स्थिति में वाहनों की आवाजाही न हो, इसके लिये संबंधित विभाग सचेत रहें। कहीं भी पुल पुलियाओं पर दुर्घटना की स्थिति न बनें। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में निर्देश दिये गये कि पुलिस एवं होमगार्ड के पास उपलब्ध मोटर वोट्स एवं अन्य बचाव सामग्री तैयार हालत में रखी जाए। पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों को बाढ से बचाव संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए। अतिवर्षा के कारण नदी नाले उफान पर होने की स्थिति में इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी जाए। अस्थाई कैम्पों हेतु भवनों का चिन्हांकन एवं आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित की जाए। जर्जर भवनों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर ली जाए।

अतिवर्षा या बाढ की स्थिति में निचली बस्तियों में रहने वाली जनसंख्या को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की भी कार्य योजना तैयार रहे। सडक निर्माण से संबंधित विभागों द्वारा पुलों पर यातायात नियंत्रण हेतु बेरियर लगाये जाएं। क्षतिग्रस्त पुलियाओं की मरम्मत करवाई जाए। सडकों पर गड्ढे भी न रहें। खतरनाक स्थलों पर चेतावनी बोर्ड लगाये जाएं। परिवहन विभाग द्वारा ओवर लोडिंग पर नियंत्रण किया जाए। पुराने सवारी वाहनों की फिटनेस की जांच की जाए।

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नालों एवं नालियों की सफाई व्यवस्था की जाए। जल संसाधन विभाग अंतर्गत समस्त बांधो, तालाबों के तटबंधों के संबंध में सुनिश्चित किया जाए कि वे अतिवर्षा अथवा बाढ के दबाव को सहन करने में सक्षम हैं। बडे बांधों से पानी छोडने की स्थिति में निचले क्षेत्रों में आवश्यक सूचना प्रदान करने की व्यवस्था तैयार रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत बाढ संभावित क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा एवं दवाईयों की उपलब्धा सुनिश्चित की जाए।

## श्रमदान कर निकाली कलश यात्रा



**जागरण, रहटगांव।** ग्राम में गंगा दशहरा के अवसर पर नवांकुर रहटगांव, लक्ष्य संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा जल स्त्रोत पूजन, जल संवाद एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। गंगा दशहरा के अवसर पर जन अभियान परिषद जिला समन्वयक संदीप गोहर एवं अनुपम भारद्वाज के मार्गदर्शन में ग्राम प्रस्फुटन समिति रहटगांव नवांकुर संस्था के द्वारा जल स्त्रोत पूजन कर कन्याओं एवं ग्रामीणों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए राधाकृष्ण मंदिर पहुंची, यहां पीपल के वृक्ष में जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात जल संरक्षण की शपथ ली।

ग्राम पंचायत भवन में जल संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे रहटगांव लक्ष्य संस्था द्वारा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण तथा प्राचीन जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार करने पर अपने विचार रखे। प्रस्फुटन समिति द्वारा पुराने जल स्त्रोतों को बचाने उनका संरक्षण करने पुनर्जीवन प्रदान करने हेतु ग्राम वासियों से अनुरोध किया। इस दौरान श्रीमती कमला गौर, वर्षा बावने, ज्योति, सोनू लखेरा आदि उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण एवं पुराने जल स्रोतों को बचाने तथा पुनर्जीवित करने के लिए ग्राम वासियों से किया अनुरोध

# गंगा दशहरे के अवसर पर हुआ जल संवाद, जल स्रोत पूजन, श्रमदान करने के साथ निकाली गई कलश यात्रा



**जागरण, हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश मे जल संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हरदा विकासखंड के ग्राम हंडिया में गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्थान द्वारा जल स्रोत पूजन, जल संवाद एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। अभियान के तहत गंगा दशहरा के अवसर पर जन अभियान परिषद की ग्राम प्रस्फुटन समिति गौला, बागरूल, बेसवा, पचौला सहित 25 ग्रामों में नवांकुर संस्था ग्रामीणो विकास समितियों के द्वारा जल नर्मदा पूजन कर कन्याओं एवं ग्रामीणों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा ग्राम के मुख्य घाट से होते हुए रिद्धनाथ मंदिर पहुंची। यहां पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया, इसके पश्चात जल संरक्षण की शपथ ली गई तथा जल संवाद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमति मंजू प्रभुदयाल धनगर व साध्वी आरती दीदी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण तथा प्राचीन जल स्रोतों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार कर पुनर्जीवन प्रदान करने हेतु ग्राम वासियों से अनुरोध किया। नवांकुर संस्था से अशोक धनगर एवं मेंटर राधेश्याम विश्वकर्मा ने भी जल संरक्षण एवं पुराने जल स्रोतों को बचाने तथा पुनर्जीवित करने हेतु ग्राम वासियों से अनुरोध किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप जिला समन्वयक संदीप गौहर, विश्वजीत पाटीदार, एई जनपद, मनरेगा अधिकारी दीपक चौरे, विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियानः टिमरन नदी घाट पर हुआ श्रमदान, की गई साफ-सफाई



**जागरण, टिमरनी।** शासन के निर्देशानुसार सोमवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत टिमरन नदी घाट पर श्रमदान के माध्यम से व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित नागरिकों ने सामूहिक श्रमदान कर नदी घाट की सफाई की। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, पार्षद सुनील दुबे, पार्षद सुधीर गौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रियव्रत बकोरिया, राजेश नागरे, विजय दुबे, राजाराम कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नदी घाट क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज ने बताया कि टिमरन नदी घाट पर सौंदर्यीकरण कार्य के साथ-साथ शासन के निर्देशानुसार श्रमदान के माध्यम से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी अभियान के अंतर्गत लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्राकृतिक जल स्रोतों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें तथा अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार कर जल संरक्षण में भागीदारी निभाएं, जिससे भविष्य में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में पार्षद सुनील दुबे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## लायंस क्लब अंबर की कार्यकारिणी घोषित

### सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए किया पदाधिकारियों का चयन

**जागरण, हरदा।** लायंस क्लब हरदा अंबर की वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी समिति का सर्वसम्मति से गठन कर दिया गया है। रविवार 24 मई 2026 को शहर के एक निजी होटल में में बरशिप चेयरपर्सन नरेंद्र सलूजा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बैठक के दौरान नई टीम की घोषणा की गई। बैठक में क्लब के सभी सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए आगामी सत्र के लिए पदाधिकारियों का चयन किया। सत्र 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष संतोष सिंह राजपूत, सचिव अनिल सोलंकी, कोषाध्यक्ष सुनील पटेल, प्रथम उपाध्यक्ष डॉ राम दोगने, द्वितीय उपाध्यक्ष डॉ राजेश गुर्जर को मनोनीत किया गया है।

#### मोतियाबिंद मुक्त हरदा का संकल्प

नवनियुक्त अध्यक्ष संतोष सिंह राजपूत ने पदभार ग्रहण करने के बाद क्लब की प्राथमिकताओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि क्लब की स्थाई गतिविधि मोतियाबिंद मुक्त हरदा के संकल्प को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। इसके तहत सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत नगर के सहयोग से हर महीने निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक मरीजों का इलाज हो सके।

#### इन क्षेत्रों में भी होंगे सेवा कार्य

अध्यक्ष ने बताया कि लायंस इंटरनेशनल और डिस्ट्रिक्ट द्वारा दिए गए सभी टास्क को पूरी टीम के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। क्लब आगामी समय में शिक्षा, पौधारोपण और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में मदद, वृद्धजनों के कल्याण के लिए विशेष प्रोजेक्ट, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रकल्पों पर काम पर विशेष ध्यान देगा। कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त सचिव अनिल सोलंकी ने क्लब के सभी साथियों का भरोसा जताने के लिए आभार व्यक्त किया।

## अजनाल नदी के तट पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया श्रमदान



**जागरण, हरदा।** प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर हरदा में स्वच्छता के लिये श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के तहत हरदा शहर की जीवनदायिनी अजनाल नदी के तट पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकत्रित होकर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। नदी तट को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचपी सिंह और मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि, नगरपालिका के अमले और स्थानीय नागरिकों ने भी इस अभियान में बढ-चढकर हिस्सा लिया। इस दौरान नदी के घाटों और आसपास के परिसर से कचरा हटाकर साफ सफाई की गई।

## न्यूज कार्नर

### मवेशी के कोठे में आग लगने से कृषि उपकरण जले

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम चिखली कला मे सोमवार दोपहर करीब 3:20 बजे एक किसान के खेत मे स्थित कोठे मे आग लग जाने के कारण कृषि उकरण एवं पाइप सहित जलाऊ लजड़ी जल गई। नगरपालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया ग्राम चिखलीकला में शिवबा बधिए के खेत मे स्थित मवेशी के कोठे में आग लगने की सूचना मिलने पर नगरपालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची एवं आग बुझाई गई ।लेकिन तब तक आग लगने से झोपड़ी सहित सिंचाई पाईप, कृषि उपकरण, गोबर खाद, जलाऊ लकड़ी जलकर राख हो गए। आग बुझाने मे फायर चालक राहुल चंडालिया,फायर मेन गिरीश पिपले एवं सुमित पूरी कि सराहनीय भूमिका रही।

### क्षेत्रीय संगठन महामंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई में सोमवार सुबह पांढुर्णा जाने के दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल का नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया गया द्य भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि पवित्र नगरी मुलताई में सोमवार सुबह अल्प प्रवास पर पहुंचे क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मां ताप्ती मंदिर पहुंचकर मां ताप्ती की पूजा अर्चना कर दर्शन किए एवं आशीर्वाद लिया। जहां पर नपा अध्यक्ष नीतू परमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर द्वारा स्वागत किया, इस दौरान पार्षद रितेश विश्वकर्मा,महेंद्र जैन, शिल्पा शर्मा, बीना पंजाबी, भाजपा नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी, दिनेश कालभोर आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज के नाम पर गरीबों के आशियानों पर संकट के बादल, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

## कोसमी में मेडिकल कॉलेज की जमीन पर बसे परिवारों को बेदखली का डर



**बैतूल/जागरण।** एक तरफ सरकार विकास और जनकल्याण के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी तरफ वर्षों से बसे गरीब परिवारों के सिर से छत छीनने की तैयारी की जा रही है। मेडिकल कॉलेज के लिए आवंटित भूमि में आ रहे 70 परिवारों के मकानों को बचाने की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि गरीब परिवारों को किसी भी हालत में बेदखल नहीं किया जाए।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने भाजपा सरकार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिन परिवारों को वर्षों पहले कांग्रेस की सरकार ने पट्टे दिए, योजनाओं का लाभ दिया और स्थायी रूप से बसाया, आज उन्हीं परिवारों को भाजपा द्वारा उजाड़ने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए आवंटित 25 एकड़ भूमि पर करीब 70 परिवार पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। इन परिवारों को प्रधानमंत्री इंदिरा आवास योजना और राजीव गांधी आश्रय योजना का लाभ भी मिला था, लेकिन अब सीमांकन के नाम पर उनके घरों पर संकट खड़ा हो गया है। निलय डागा ने कहा कि जिन परिवारों को हटाने की बात हो रही है, वहां सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं वर्षों से उपलब्ध हैं। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कोसमी, प.ह.न. 30 की शासकीय भूमि खसरा नंबर 48/1, 48/2 एवं 51/3/1 मेडिकल कॉलेज के लिए आवंटित की गई है। इन खसरों की भूमि पर वर्ष 1980 से करीब 70 परिवार पक्के मकान बनाकर निवास कर रहे हैं। वर्ष 1998 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टे भी आवंटित किए गए थे। सीमांकन के बाद यह सामने आया कि मेडिकल कॉलेज की प्रस्तावित भूमि में इन परिवारों के मकान भी शामिल हो रहे हैं।ग्रामीणों ने ज्ञापन में मांग की कि जिन स्थानों पर परिवार वर्षों से रह रहे हैं, उन्हें आवासीय भूमि घोषित किया जाए और किसी भी परिवार को बेदखल न किया जाए। ग्रामीणों के समर्थन में जनपद सदस्य टेमनी धन्नू, प्रदेश सचिव समीर खान, जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन धोटे, जिला अध्यक्ष संजय सरदार यादव, विधानसभा अध्यक्ष प्रीतेश गंगारे, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कालू आहूजा, जिला सचिव वर्मा, देवेंद्र लागड़े, रवि पवार, उषा दीवान, राजपूत, सिराज पठान, कांग्रेस प्रवक्ता लवलेश बब्बा राठौर, अजय टंडन, तरुण पाटिल, विजय मोखड़े, मुकेश मालवी, सोनू राठौर, राकेश परते, लोकेश रावत, जितेंद्र इवने, धर्मेंद्र भलावी, मनीष साहू और राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण रामजी, चंद्रकला, संजू, योगेश, बसंत, मोहन, गणेश, नारायण, सोम, बहादुर, जगन्नाथ, युवराज, हेमंत, शकुन बाई, शांति, शिवकला, सरस्वती, प्रमोद धुर्वे, सुगंती, दसवंती, शिवकुमार, नारायण, बस्ती राम, मोतीलाल, भैयालाल, जगरू, भागाबाई आदि शामिल रहे।

## नई पार्किंग व्यवस्था लागू, स्टेशन क्षेत्र में सुधरेगी यातायात व्यवस्था




**बैतूल।** शहर के व्यस्त बैतगंज क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक समस्या को देखते हुए अब नई व्यवस्थित पार्किंग सुविधा शुरू की गई है। रेलवे स्टेशन और बाजार क्षेत्र में कमर्शियल वाहनों के सड़क किनारे खड़े रहने से आए दिन जाम की स्थिति बनती थी, जिससे व्यापारियों, यात्रियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी ।नई पार्किंग सुविधा बेतूल रेलवे स्टेशन के सामने स्थित होटल सनानी के पीछे शुरू की गई है। यह पार्किंग मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा स्वीकृत टेंडर के तहत संचालित की जा रही है। यहाँ ट्रक, मिनी ट्रक, छोटा हाथी सहित सभी प्रकार के व्यावसायिक और निजी वाहन 24 घंटे पार्क किए जा सकेंगे ।व्यापारियों का कहना है कि इस सुविधा से अब बाजार क्षेत्र में मालवाहक वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा किया जा सकेगा, जिससे सड़क पर अव्यवस्था कम होगी और दुकानों तक सामान पहुंचाने में भी आसानी होगी। थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से गंज क्षेत्र में ट्रैफिक जाम बड़ी समस्या बना हुआ था। नई पार्किंग व्यवस्था शुरू होने से बाजार क्षेत्र में यातायात सुचारु होने के साथ-साथ आम लोगों को भी राहत मिलेगी।

### 31 मई को कैंसर परीक्षण एवं निदान शिविर होगा

**जागरण गाडरवारा ।** रोटरी क्लब द्वारा महावीर भवन में 31 मई रविवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विशाल कैंसर जागरुकता एवं निःशुल्क कैंसर परीक्षण एवं निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मेडिकल कॉलेज जबलपुर के प्रोफेसर सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ् श्याम जी रावत एम बी बी एसए एम डीए एफआई ए सी ए शिविर में आने वाले मरीजों का परीक्षण करेंगे शिविर का पंजीयन 30 मई तक होगा ।कैंसर के लक्षण मुँह में लंबे समय से छाले का होना खाना चबाने व निगलने में तकलीफ आवाज में भारीपन स्तन की प्रक्रिया में बदलाव व खून का आना महिलाओं में स्तन में गठान का होना योनि द्वार सें सफेद पानी अनियमित माहवारी अकारण अचानक वजन कम होना लंबे समय से खांसी व बलगम से खून का आना है ऐसे मरीज अपनी जांच जरूर कराए । शिविर में आने वाले मरीज अपनी पुरानी जॉच एवं इलाज की पर्ची साथ में अवश्य लायें । निःशुल्क शिविर में पंजीयन कराने डॉ डी एस् चौधरी डॉ उमाशंकर दुबे डॉ उपेन्द्र सिंघई डॉ भरत राठी डॉ संगीत जैन डॉ् संजय मोदी डॉ आदित्य अग्रवाले संपर्क करे ।

### सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा मौन जुलूस निकालकर ज्ञापन सौंपा

## विहाररत जैन साधु संतों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाने की मांग




**जागरण गाडरवारा ।** सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा सोमवार को पलोटन से तहसील कार्यालय तक मौन जुलूस निकालकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से विहाररत जैन साधु.संतों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाने की मांग की गई। मौन जुलूस के दौरान समाज के लोगों ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की अनन्य शिष्या दिवंगत आर्यिका माँ श्री श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका माँ श्री उपशममति माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार प्रियंका नेताम को जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि हाल ही में विहार के दौरान आर्यिका माताजी के साथ हुई दुर्घटना की निष्पक्षए पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। समाज का कहना है कि उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर यह केवल सड़क दुर्घटना भर नहीं लगती। पैदल विहार करने वाले जैन साधु.संत पूर्णतः निहत्थे और अहिंसक होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा सुविधा नहीं लेते। ऐसे में उनके विहार मार्गों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए। साधु.संतों पर लगातार बढ़ती दुर्घटनाओं एवं हमलों को देखते हुए केंद्र सरकार राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाए।

ज्ञापन में कहा गया कि जैन संत समाज में शांतिए संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। उनके साथ हो रही घटनाएं सम्पूर्ण समाज के लिए चिंताजनक हैं। मौन जुलूस एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान दिगम्बर जैन समाज संगठनए जैन महिला संगठन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने ज्ञापन पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही की मांग की।

### नपा अध्यक्ष एवं एसडीएम ने की मां ताप्ती परिक्रमा मार्ग पर साफ-सफाई

**मुलताई।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर नगर पालिका परिषद मुलताई द्वारा मां ताप्ती परिक्रमा मार्ग एवं मासोद पंप परिसर में श्रमदान के माध्यम से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने सामूहिक श्रमदान कर साफ-सफाई की तथा जल स्रोतों एवं धार्मिक स्थलों के संरक्षण का संदेश दिया। स अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू प्रहलाद सिंह परमार, उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे, डॉ. जीए. बारस्कर, शिल्पा शर्मा, एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार संजय बरैया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी, उपयंत्री महेश शर्मा, योगेश नेराव, एसडीओ राजेश गौर, आशीष चंद शर्मा सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की उपस्थितजनों ने मां ताप्ती धार्मिक स्थल पर स्वच्छता बनाए रखने एवं जल स्रोतों के संरक्षण हेतु आमजन से सहयोग करने की अपील की।

### पुलिस ने की चालानी कार्रवाई, 34 चालान बनाते हुए 12 हजार 2 सौ वसूले

**मुलताई।** क्षेत्र मे सुलभ यातायात व्यवस्था बनाए जाने एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई किए जाने को लेकर पुलिस द्वारा सोमवार को थाना क्षेत्र मे वाहनों की जांच कर चलानी कार्रवाई की गई।टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा बसों एवं सवारी वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, वैध परमिट, बीमा दस्तावेज सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। साथ ही यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बसों में आपातकालीन द्वार (इमरजेंसी गेट), फर्स्ट एड बॉक्स तथा अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशील स्थिति का निरीक्षण किया गया।जांच के दौरान क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, तेज गति से वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई। पुलिस द्वारा सभी वाहन चालकों को प्रतिबंधित मार्गों, निर्धारित समय सीमा तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की समझाइश देते हुए 34 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 12 हजार 2 सौ रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।

### किसानों के पैसे गबन करने वाले आरोपी को मुलताई पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुलताई।** किसानो से उपज खरीदने के बाद राशि नही देकर गबन करने वाले आरोपी को मुलताई पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया बीते 23 मई 2026 को फरियादी सुधीर पिता धनवंत सिंह चौहान उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम बाडेगांव थाना मुलताई अपने साथ अन्य 23 ग्रामीण किसानों के साथ थाना पहुंचकर लिखित आवेदन पेश किया कि आरोपी रवि पिता सेवाराम गुजरे निवासी भगतसिंह वार्ड मुलताई द्वारा किसानों से गेहूं एवं मक्का की फसल खरीदकर भुगतान करने में टालमटोल की गई तथा छलपूर्वक किसानों से करीब 21 लाख 56 हजार 65 रुपए की राशि वापस नहीं की। आवेदन की जांच के बाद पुलिस द्वारा आरोपी रवि पिता सेवाराम गुजरे निवासी भगतसिंह वार्ड मुलताई के विरुद्ध धारा 316(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई।

### भारत आदिवासी पार्टी ने कुमरे को बनाया ब्लॉक अध्यक्ष

**बैतूल।** भारत आदिवासी पार्टी ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पट्टन ब्लॉक के ग्राम चिल्हाटी निवासी संदीप कुमरे को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। केन्द्रीय एकीकरण समिति के अनुमोदन एवं निर्देशन के बाद पार्टी अध्यक्ष अनिल उईके द्वारा यह नियुक्ति की गई। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया और पार्टी पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने संदीप कुमरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं ।जानकारी के अनुसार पार्टी ने संदीप कुमरे को मध्यप्रदेश में भारत आदिवासी पार्टी की जिम्मेदारी अगले आदेश तक निष्ठापूर्वक निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति पत्र में संगठन के प्रति समर्पण और जनप्रतिनिधि चयन प्रणाली के पालन की अपेक्षा जताई गई है।

## ईदुल अजहा पर होगी सामूहिक नमाज



**जागरण गाडरवारा ।** स्थानीय राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में ईदुल अजहा बकरा ईद की सामूहिक नमाज 28 मई गुरुवार को सुबह 7. 30 बजे अदा की जाएगी। नमाज हाफिज व कारी जुबेर आलम द्वारा पढ़ाई जाएगी। इसके बाद जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे छोटी मस्जिद में सुबह 8 बजे फैजाने मदीना मस्जिद में सुबह 8.30 बजे ईद की मनाज अदा की जाएगी । इस्लाम धर्म में बकरा ईद का विशेष महत्व है। यह त्योहार हज़रत इब्राहीमअलैहिस्सलाम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। मान्यता है कि अल्लाह ने हज़रत इब्राहीम का इम्तिहान लेने के लिए उनसे अपनी सबसे प्यारी चीज़ कुर्बान करने को कहा था। हज़रत इब्राहीम ने अपने बेटे हज़रत इस्माईल को कुर्बान करने का फैसला किया। उनकी नीयत देखकर अल्लाह ने इस्माईल की जगह एक दुम्बा भेज दिया। इसीलिए यह त्योहार त्याग समर्पण और अल्लाह पर भरोसे का प्रतीक माना जाता है। ईद के दिन लोग सुबह से ही साफ कपड़े पहनकर ईदगाह व मस्जिद में ईदुल अजहा की नमाज़ अदा करते हैं। नमाज़ के बाद हैसियत के मुताबिक बकरे की कुर्बानी दी जाती है। नमाज के बाद लोग एक.दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं। इसके साथ ही मुस्लिम सामुदाय के लोग कब्रिस्तान पहुंचकर फूल खुशबू पेश कर मरहूमों के हक में दुआएं करते हैं । बकरा ईद के दिन दान.पुण्य का विशेष महत्व है। बकरा ईद केवल जानवर की कुर्बानी नहीं है। इसका असली मतलब अपने अंदर की बुराइयोंए लालचए घमंड और नफ़रत की कुर्बानी देना तथा गरीबों और जरूरतमंदों का ख्याल रखना है। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने बताया कि ईदगाह में नमाज को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। मुस्लिम समाज के लोग समय पर ईदगाह पहुँचे । उन्होंने स्थानीय प्रशासन पुलिस विभाग नगर पालिका से सहयोग करने की अपील की है ।

## मां नर्मदा समाज सेवी संस्था की बैठक का आयोजित



**जागरण गाडरवारा ।** विगत दिवस मां नर्मदा समाज सेवी संस्था की बैठक ग्राम मुँआर में सम्पन्न हुईए बैठक में मुख्य अतिथि मां नर्मदा समाज सेवी संस्था के प्रदेश के महामंत्री भैयाजी रावत की अध्यक्षता राकेश खेमरिया वरिष्ठ अतिथि भरत सिंह राजपूत मेहरागावं जिला नरसिंहपुर संस्था अध्यक्ष अजीत पटैल संस्था के जिला महामंत्री अशोक भार्गव एवं लगभग 10 से 15 ग्रामों के सदस्य एवं पदाधिकारी सभी की सर्वसम्मति से सिरसिरी ग्राम के नाम से मंडल बनाया गया जिसमें ग्राम सिरसिरी संदूक निवावर झिकौली मुँआर मेहरागांव संसारखेंडा महेश्वर तूमडा जिसमें सभी के सुझाव एवं सर्वसम्मति से मृत्युंजय साहब जी सिरसिरी वालो को मंडल अध्यक्ष बनाया। मंडल सिरसिरी के सभी पदाधिकारियों की घोषणा अगली बैठक में की जावेगी मंडल के 9 ग्रामों मे ही ईकाई अध्यक्ष के नाम की घोषणा भी अगली बैठक में की जावेगी । संस्था के प्रदेश महामंत्री भैया जी रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम संस्था में हमारी पांच प्रकार की कार्यकारिणी है प्रथम ग्राम ईकाई दूसरी मंडल तीसरी तहसील चौथी जिला एवं पांचवी प्रदेश प्रत्येक ग्रामों में लगभग ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सदस्य होगें हमारी संस्था का रजिस्ट्रेशन हो गया है संस्था का संविधान एवं नियम कानून भी बन रहे है हम संस्था को वैध नियम कानून से चलायेगे अभी हम नर्मदा मैया के 16 जिलो में अपना संगठन खडा कर रहे हैं। वर्ष 2026 से 2027 तक इन 16 जिलो में ही संगठन मजबूती से खडा होगा मां नर्मदा मैया में जाने वाले दूषित गटर एवं नालियों के पानी के निराकरण के लिए शासन से मांग करेगे एवं नर्मदा मैया के तट पर 25 से 30 किण्मीण् के बीच परिक्रमा वासियों एवं भक्तजनों के लिए रहने एवं भोजन आदि के लिए धर्मशालाओं का निर्माण समाज एवं शासन प्रशासन से मांग करेगें। हम संगठन बनने पर नर्मदा मैया की सफई अभियान भी बढे स्तर पर चलाया जायेगा। नर्मदा मैया जीवनदायिनी हैए हम सभी के मंगल कार्यो में हम नर्मदा मैया का हर जगह कार्डो एवं पोस्टरो में उल्लेख करते हैंए आप सभी से विशेष आग्रह है कि नर्मदा मैया के तटो पर प्लास्टिक बैग आदि लेकर न जाये अगर जाये तो खड्डा खोदकर वही गड़ा देवें । संस्था के जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह पटैल बद्री प्रसाद पटैल सूरज सिंह राजपूत मलखान सिंह राजपूत कैलाश उदेनिया भरत सिंह राजपूत मनोहर सिंह मनीष पटैल रामभुवन राजपूत शंकर मामोलिया श्री चर्तुवेदी खुडाशिया की गरियामयी उपस्थिति में कार्य सम्पन्न हुआ ।

## प्रकृति ही साक्षात् ईश्वर है: दादा गुरू

### 5 कुण्डीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं नर्मदा चिंतन महापुराण का आयोजन



**जागरण गाडरवारा।** समीपी ग्राम कामती के यज्ञ शाला प्रांगण में 5 कुण्डीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं नर्मदा चिंतन महापुराण का आयोजन कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत अवधूत महायोगी श्री दादा गुरु भगवान की प्रेरणा से 25 मई तक किया गया। यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मलाभ ले रहे है। शुक्रवार की रात कथास्थल पर अवधूत महायोगी दादा गुरु भगवान का आगमन हुआ। उन्होंने प्रवचन देते हुए कहा कि प्रकृति ही साक्षात ईश्वर है। उन्होंने कहा कि पेड़.पौधे पर्वत और नदियाँ ही ईश्वर की प्रत्यक्ष अनुभूति का जरिया हैं। इनकी रक्षा करना ही सच्ची राष्ट्र पूजा और सनातन संस्कृति है। इस अवसर पर उन्होंने आगे कहा कि बिना किसी स्वार्थ और अहंकार के किया गया कर्म ही व्यक्ति को परमात्मा के निकट ले जाता है ।उनके अनुसार मां नर्मदा का पूरा किनारा ही उनका मठ घर है और समाज की भलाई ही उनका मुख्य लक्ष्य है। ष्जब तक समाज मां नर्मदा और प्रकृति को बचाने के लिए पूरी तरह जागरूक नहीं हो जाताए तब तक मेरा यह अखंड व्रत इसी तरह निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि ईश्वर कहीं दूर जंगलों या पहाड़ों में नहीं छिपा हैए वह तुम्हारे भीतर ही श्आत्मश् रूप में विराजमान है। उसे खोजने के लिए संसार छोड़ने की नहींए बल्कि संसार में रहते हुए सहज होने की आवश्यकता है ।ष्उन्होंने बताया कि परमात्मा को पाने के लिए किसी कठिन कर्मकांड की आवश्यकता नहीं है। निर्मल मन और निष्कपट हृदय से ही उसे पाया जा सकता है ।उन्होंने कथा में आगे कहा कि गुरु केवल एक हाड़.मांस का शरीर नहीं है बल्कि एक चेतन ऊर्जा है जो शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है ।जब शिष्य अपने अहंकार को गुरु के चरणों में सौंप देता हैए तब उसके भीतर के सारे विकार अपने आप समाप्त होने लगते हैं। गुरु पर किया गया दृढ़ विश्वास ही शिष्य की सबसे बड़ी पूंजी है ।विश्वास जितना गहरा होगाए आध्यात्मिक प्रगति उतनी ही तीव्र होगी। उन्होंने कहा कि प्रभु के नाम का स्मरण केवल पूजा के समय ही नहीं बल्कि उठते.बैठते खाते.पीते सांसों के साथ चलना चाहिए। प्रवचन के अंत में माँ नर्मदा की आरती संपन्न हुई।

# ठेकेदार की लापरवाही ने छीने दोनों हाथ, दाने-दाने को मोहताज परिवार, पुलिस बना रही दबाव

## घटना के तीन महीने बाद भी न्याय का इंतजार, जिम्मेदारों की अमानवीयता से रो पड़ा पूरा परिवार

**जागरण, इटारसी।** मैं तो दिन-रात मेहनत करके अपने परिवार का पेट पालता था, लेकिन आज अपाहिज होकर दूसरों की दया पर आ गया हूं। जिम्मेदारों में अब इंसानियत नाम की चीज नहीं बची है...। यह दर्दभरी दास्तां सुनाते हुए जब करंट की चपेट में आए मजदूर संतोष महोबे की आंखें भर आईं, तो वहां मौजूद परिवार के हर सदस्य की आंखें नम हो गईं। 26 फरवरी को हुई एक दर्दनाक दुर्घटना ने न सिर्फ संतोष के दोनों हाथ छीन लिए, बल्कि पूरे परिवार को अंधेरे में धकेल दिया है। 26 मई को इस हादसे को पूरे तीन महीने होने जा रहे हैं, लेकिन इंसाफ की उम्मीदें अब भी धुंधली हैं। जिम्मेदारों की आंख का पानी सूख गया और मानवता दम तोड़ चुकी है।

**बिना सुरक्षा साधनों के 11 के लाइन के पास झोंका :** इटारसी-नर्मदापुरम रोड पर स्थित एक नामी रिजॉर्ट गार्डन में काम के दौरान ठेकेदार विनोद पटेल की घोर लापरवाही सामने आई थी। मजदूर संतोष महोबे को 11 केवी हाईटेंशन लाइन के बेहद करीब काम पर लगा दिया गया, जबकि सुरक्षा के नाम पर उसे न तो दस्ताने (ग्लव्स) दिए गए और न ही कोई अन्य सुरक्षा उपकरण। नतीजा यह हुआ कि संतोष करंट की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसके दोनों हाथ इस कदर झुलस गए कि डॉक्टरों को उन्हें काटना पड़ा। पैर भी गंभीर रूप से डैमेज हो चुके हैं।



11 केवी करंट का शिकार हुआ था सोनासांवरी का संतोष

### संबल योजना से बंधी आखिरी उम्मीद

पीड़ित संतोष के छोटे भाई संतराम महोबे ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ग्राम सरपंच घर आए थे। पंचायत सचिव ने कुछ जरूरी दस्तावेज तैयार करने को कहा है, ताकि पीड़ित परिवार को शासन की संबल योजना के अंतर्गत कुछ आर्थिक सहायता मिल सके। फिलहाल, यह बेबस परिवार शासन-प्रशासन के बहरे कानों तक अपनी आवाज पहुंचाने और उस ईश्वर के न्याय के भरोसे दिन काट रहा है।

### ठेकेदार की अमानवीयता: कुछ रुपए देकर झाड़ा पल्ला

हादसे के बाद ठेकेदार विनोद पटेल ने कथित अमानवीयता की सारी हदें पार कर दीं। शुरुआती दौर में महज छह-सात हजार रुपये देकर उसने पीड़ित को उसके हाल पर छोड़ दिया। परिवार का आरोप है कि ठेकेदार ने बच्चों की पढ़ाई कराने, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने और एकमुश्त बड़ी आर्थिक मदद का वादा किया था, लेकिन तीन महीने में वह एक बार भी सुध लेने नहीं आया। हद तो तब हो गई जब ठेकेदार द्वारा भेजी गई ड्रेसिंग सामग्री भी बेहद घटिया स्तर की निकली और अब उसने साफ तौर पर मदद से इनकार कर दिया है।

### कर्ज के बोझ तले दबा परिवार

संतोष अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। अब हालत यह है कि रोजाना की ड्रेसिंग के खर्च के लिए भी परिवार को ब्याज पर कर्ज लेना पड़ रहा है। बीते कल ही परिवार संतोष के एक पैर की सर्जरी कराकर भोपाल से लौटा है। यह इलाज भी समाज के कुछ सहृदय लोगों की मदद से ही संभव हो पाया। ठीक 10 दिन बाद संतोष के दूसरे पैर की बड़ी सर्जरी होनी है, लेकिन पास में एक रुपया भी नहीं है। परिवार इस चिंता में डूबा है कि आगे का खर्च कैसे जुटेगा?

### मदद की बजाय पुलिस 'सिस्टम' बना रहा दबाव

मजदूर का परिवार जितने दर्द में ठेकेदार के रवैये से है, उतना ही परेशान वह पुलिस की कार्यप्रणाली से भी है। न्याय न मिलने पर जब पीड़ित परिवार ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई, तो मदद मिलने के बजाय पुलिसकर्मी शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने सीधे उनके घर पहुंचने लगे। पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा भी केस वापस लेने का मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित संतोष की पत्नी सरोज महोबे का कहना है कि 26 फरवरी को घटना हुई थी और आज तीन महीने होने को आए हैं। जिम्मेदारों ने पूरी तरह मुंह फेर लिया है। पुलिस की कार्रवाई भी बेहद भेदभावपूर्ण लग रही है। हमें समझ नहीं आ रहा कि हम अपाहिज पति का इलाज कराएं या इस सिस्टम से लड़ें।

## न्यूज कार्नर

### युवक पर कांच की बोतल से हमला

**जागरण, इटारसी।** शहर के भारत माता चौराहा क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक के साथ कांच की बोतल और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी अजय कुमार दुबे पिता सुरेश कुमार दुबे 35 वर्ष, निवासी भारत माता चौराह, ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभय, निवासी सरस्वती स्कूल के पास, मालवीयगंज इटारसी ने उसकी पत्नी को गालियां दीं, और कांच की बोतल से सिर एवं पीठ पर वार किया। बीच बचाव करने पर उनके साथ भी मारपीट करके जान से मारने की धमकी दी। इटारसी थाना पुलिस ने फरियादी अजय कुमार की शिकायत पर आरोपी अभय के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### शराब के नशे में कहे जातिसूचक शब्द

**जागरण, इटारसी।** समीपस्थ ग्राम मेहरागांव में शराब के नशे में धुत होकर जातिसूचक शब्द बोलते हुए गाली-गलौज और मारपीट करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मेहरागांव में शंकर मंदिर के पास केतन पटेल के घर के सामने फरियादी मीना मेहरा 52 वर्ष, निवासी मेहरागांव ने पुलिस को बताया कि आरोपी अजय पटेल और उसकी मां निवासी शंकर मंदिर के पास, मेहरागांव ने शराब के नशे में चूर होकर उनके दामाद को रोका और जातिसूचक शब्द कहे। जब इसका विरोध किया गया, तो आरोपी अजय पटेल न गालियां देते हुए उनके दामाद के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक बुजुर्ग को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अहीरपुरा मोहल्ले में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से घासीराम 65 वर्ष, पिता गोरेलाल मेहरा, निवासी अहीरपुरा मोहल्ला, केसला को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की है।

### मरोड़ा में जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** रामपुर गुर्रा थाना पुलिस को मरोड़ा ग्राम के झंडा चौक पर जुआ खेले जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने ताश की फड़ से चार आरोपियों अतुल 37 वर्ष, पिता चंद्रशेखर मालवीय, रामफल 48 वर्ष पिता फतूरीलाल यादव, सचिन 36 वर्ष पिता महेश मालवीय और बलराम 52 वर्ष पिता हरनाम पाल सभी निवासी मरोड़ा को गिरफ्तार किया।

### पोस्ट ऑफिस में आधार अभियान

**जागरण, इटारसी।** मुख्य पोस्ट ऑफिस इटारसी में आधार कार्ड के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उप डाकपाल राजेश शर्मा ने बताया कि यह अभियान 26 मई, दिन मंगलवार को भी सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान छोटे बच्चों के नए आधार कार्ड बनाने के साथ ही पुराने कार्ड्स को अपडेट भी किया जाएगा। नागरिक इस समय सीमा में पहुंचकर सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

## 10 दिन में 4 झटके : फूड डिलीवरी बॉयज से लेकर दूध उत्पादक किसानों पर टूटा कहर

# तेल की 'चौथी किश्त' : 114 के पार पेट्रोल, और डीजल भी शतक के करीब

**जागरण, इटारसी।** सोमवार की सुबह इटारसी के आम जनमानस के लिए एक बार फिर बड़ी आर्थिक मार लेकर आई। सप्ताह की शुरुआत होते ही सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 'चौथी किश्त' का तगड़ा करंट लगा दिया है। महज 10 दिनों के भीतर चौथी बार तेल के दामों में इजाफा कर जनता की जेब पर सीधा डाका डाला गया है। इस ताजा बढ़ोतरी में पेट्रोल की कीमत में 2.61 रुपए और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर की भारी वृद्धि की गई है।

इस बढ़ोतरी के बाद अब इटारसी में पेट्रोल 114.29 रुपए (कुछ सेंटर्स पर 114.56 तक) और डीजल 99.42 प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है। डीजल अब शतक लगाने से महज कुछ पैसे दूर है। दाम बढ़ते ही शहर के नेशनल हाईवे, रेलवे स्टेशन के सामने, खेड़ा, पथरोटा आदि जगह स्थित पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं के चेहरों पर मायूसी और आक्रोश साफ देखा गया।

**रो पड़े कामकाजी लोग :** तेल की इन बढ़ती कीमतों ने सीधे तौर पर उन लोगों की कमर तोड़ दी है जिनका रोजगार रोज की गाड़ी चलाने पर निर्भर है। इटारसी के पेट्रोल पंपों पर कतार में खड़े लोगों ने अपनी आपबीती साझा की। फूड डिलीवरी बॉय उमेश का कहना है कि पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे हमारी जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। कंपनियां हमें पुराने रेट के हिसाब से ही कमीशन दे रही हैं। अब दिनभर धूप में दौड़ने के बाद जेब में कुछ नहीं बचता। दूध विक्रेता किसान रोहित चौरे का कहना है कि मैं रोज गांव से दूध बेचने शहर आता हूं। पहले दिनभर में 400 रुपये का पेट्रोल लगता था, अब उतने ही सफर के लिए 250 से 300 रुपये अतिरिक्त डालने पड़ रहे हैं। दूध के दाम बढ़ नहीं रहे और पेट्रोल महंगा होता जा रहा है। यही हाल रहा तो गाड़ी खड़ी करके धंधा बंद करना पड़ेगा। संजय तिवारी व्यवसायी का कहना है कि इटारसी से नर्मदापुरम या भोपाल तक रोज सफर करने वाले नौकरीपेशा लोगों का पूरा बजट बिगड़ चुका है। समझ नहीं आता कि बाइक चलाएं या पैदल यात्रा शुरू करें।

**चुनाव खत्म, वादे हवा, अब जनता पर टैक्स का बोझ :** विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक देश के राज्यों में चुनाव का दौर चल रहा था, तब तक अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर कीमतें थामी गई थीं। लेकिन जैसे ही चुनावी सरगर्मियां शांत हुईं, जनता को 'महंगाई के झटके' मिलना शुरू हो गए।



### ग्लोबल क्राइसिस बनाम पब्लिक का कॉम्प्रोमाइज

बढ़ती कीमतों के बीच जहां शहर का एक बड़ा वर्ग आक्रोशित है, वहीं कुछ लोग इसे वैश्विक परिस्थितियों से जोड़कर भी देख रहे हैं। स्थानीय नागरिक राजेश पटेल का कहना है कि वैश्विक संकट और मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण यह कदम सरकार के लिए जरूरी था। लोगों को थोड़ा कॉम्प्रोमाइज करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि लोग पेट्रोल का उपयोग कम करें और बेवजह घूमना बंद करें। हालांकि, आम जनता का मानना है कि इस डीजल वृद्धि के कारण मालभाड़ा बढ़ेगा, जिससे आने वाले दिनों में सब्जी, राशन और अन्य घरेलू सामान भी महंगे हो जाएंगे।

### क्यों उबल रही हैं कीमतें?

- **राज्य सरकार का भारी वैट :** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लगाया जाने वाला भारी-भरकम वैट इस आग में घी का काम कर रहा है।
- **अंतराष्ट्रीय दबाव :** अमेरिका-इरान तनाव और कमजोर होता भारतीय रुपया कच्चे तेल के आयात को लगातार महंगा बना रहा है।
- **विपक्ष की चुप्पी पर सवाल :** इस चौतरफा मार के बीच स्थानीय विपक्ष केवल जुबानी जमा-खर्च और सोशल मीडिया की बयानबाजी तक सीमित है। वहीं, इटारसी की जनता चुपचाप कतारों में लगकर अपनी मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा ईंधन के नाम पर फूंकने को मजबूर है। यदि यही रफ्तार रही, तो वो दिन दूर नहीं जब पेट्रोल 120 रुपये प्रति लीटर के पार नजर आएगा।

## सिंधी भाषा शिविर का समापन: बच्चे पुरस्कृत, शिक्षिका का हुआ सम्मान



**जागरण, इटारसी।** सिन्धी साहित्य अकादमी मप्र, पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं भारतीय सिंधु सभा के तत्वावधान में सिंधु भवन में आयोजित 11 दिवसीय सिन्धी भाषा अध्यापन शिविर का समापन 24 मई को हुआ। 14 मई से चले इस शिविर में बच्चों को सिंधी साहित्य, त्योहारों और वेशभूषा की जानकारी दी गई।

### बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समापन पर पूज्य पंचायत अध्यक्ष कैलाश नवलानी ने ज्योत प्रज्वलित की। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अकादमी द्वारा बच्चों को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र बांटे गए तथा कुशल संचालन के लिए अध्यापिका स्वाति मेघानी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष कैलाश नवलानी, अनिल मिहानी उपाध्यक्ष, मनीष वसानी सचिव, सोनू परियानी कोषाध्यक्ष, नंद चेलानी सह सचिव, मोहन मोरवानी व अशोक लालवानी संरक्षक, भारतीय सिंधु सभा गोपाल सिद्धवानी अध्यक्ष, गौरव फूलवानी महामंत्री, महिला व युवा शाखा पूनम चेलानी महिला अध्यक्ष, मुकेश खुरानी युवा अध्यक्ष, संगीता चेलानी, सिमरन चेलानी और अनिशा सिंगवानी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## वर्धमान अपना बाजार प्रबंधन ने रखा पक्ष

# गुणवत्ता और ग्राहक सुरक्षा सर्वोपरि, अफवाहों पर न दें ध्यान

**जागरण, इटारसी।** शहर के प्रतिष्ठित शॉपिंग मॉल वर्धमान अपना बाजार प्रबंधन ने हाल ही में सामानों की एक्सपायरी डेट को लेकर सामने आई खबरों पर पूरी पारदर्शिता के साथ अपना पक्ष रखा है। प्रबंधन ने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि उनके लिए उपभोक्ताओं की सेहत और संतुष्टि सबसे ऊपर है और वर्षों से बनाए गए भरोसे से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता की आशंका :** मॉल प्रबंधन और जानकारों के अनुसार, इस मामले में शिकायतकर्ता का व्यवहार कई संदेह पैदा करता है। शिकायतकर्ता ने सामान खरीदते वक्त न तो एक्सपायरी डेट जांची और न ही काउंटर या बिलिंग स्टाफ को इसकी जानकारी दी। प्रबंधन का मानना है कि यह मामला उपभोक्ता जागरूकता का नहीं, बल्कि मॉल की लोकप्रियता और कम दामों से परेशान व्यावसायिक प्रतिद्वंद्वियों द्वारा रची गई एक सोची-समझी साजिश हो सकता है।

### ग्राहकों से अपील

वर्धमान अपना बाजार ने इटारसी की जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक बातों या दावों पर ध्यान न दें। मॉल प्रशासन पूरी जिम्मेदारी के साथ शुद्ध, स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है।

### जीरो टॉलरेंस नीति और त्वरित कदम

अफवाहों के सामने आते ही मॉल प्रबंधन ने आंतरिक ऑडिट टीम को सक्रिय कर दिया है। स्टॉक की दैनिक जांच की जा रही है। ग्राहकों की संतुष्टि और सुरक्षा के लिए प्रबंधन ने ठोस कदम उठाए हैं।

- **स्मार्ट बिलिंग अलर्ट :** अब बिलिंग काउंटर का सिस्टम ऑटोमैटिक तरीके से बेस्ट बिफोर डेट की जांच कर लेगा।
- **ओपन डोर पॉलिसी :** किसी भी उत्पाद पर संदेह होने पर ग्राहक सीधे स्टोर मैनेजर से मिलकर उसे तुरंत बदल सकते हैं।
- **जांच के लिए तत्परता :** प्रबंधन ने खाद्य सुरक्षा विभाग का स्वागत करते हुए कहा है कि वे किसी भी निष्पक्ष जांच और सैंपलिंग के लिए हमेशा तैयार हैं।

### ईद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**जागरण, इटारसी।** ईद-उल-अजहा (बकरा ईद) पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से सोमवार को रेस्ट हाउस में प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने त्योहार के दौरान पानी, सफाई, बिजली, सड़क मरम्मत और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी, जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने समय पर व्यवस्थाएं पूरी करने का आश्वासन दिया। बैठक में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर एसडीएम निलेश शर्मा, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, थाना प्रभारी गौरव बुंदेला, सीएमओ रितु मेहरा, पत्रकार संघ अध्यक्ष प्रमोद पगारे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# ब्रह्मलीन साईं साधराम साहिब को रामधुनी और श्रद्धासुमन के साथ समाज ने किया याद

**जागरण, इटारसी।** हिंद/सिंध के शहंशाह हुजूर रूपी साईं साधराम साहिब के ब्रह्मलीन होने पर पूज्य पंचायत सिंधी समाज ने सोमवार, 25 मई को शाम 6 बजे एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जवाहर मार्केट/फल बाजार चौराहा स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर (प्याऊ) के बाहर आयोजित इस सभा में पूरा माहौल भक्ति और शोक में डूबा नजर आया।



श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत साईं साधराम साहिब के तैलचित्र के समक्ष सामूहिक रामधुनी गाकर की गई। इसके पश्चात उपस्थित जनसमुदाय ने कतारबद्ध होकर पूज्य साईंजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पूज्य पंचायत सिंधी समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष कैलाश नवलानी एवं राहुल चेलानी ने साईं साधराम साहिब के आध्यात्मिक जीवन, समाज कल्याण के कार्यों और उनके विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि साईंजी का जीवन मानवता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण था, जिसके मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शोक सभा में पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारियों के साथ-साथ नगर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और सिंधी समाज के महिला-पुरुष व युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मौन रखकर और श्रद्धासुमन अर्पित कर पूज्य साईंजी को नमन किया।

## ज्ञापन | जैन साध्वियों की मौत पर सकल जैन समाज ने सांसद-विधायक को सौंपा ज्ञापन

# उच्च स्तरीय जांच और 'संत सुरक्षा प्रोटोकॉल' की मांग

**जागरण, इटारसी।** रीवा प्रवास के दौरान जैन आर्यिका श्रुतमति माताजी और उपसममति माताजी की सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत को लेकर सकल जैन समाज, इटारसी में भारी आक्रोश है। घटना को संदिग्ध मानते हुए सोमवार को श्रीमहावीर जैन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रेस्ट हाउस में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद प्रतिनिधि संदेश पुरोहित और तहसीलदार सुनीता साहनी को उच्च स्तरीय जांच की मांग का ज्ञापन सौंपा।

### विधायक का बड़ा बयान साधारण एक्सीडेंट नहीं

हादसे के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा, जैन समाज पूर्णतः अहिंसक है और उनके संत हमेशा पैदल विहार करते हैं। फुटेज देखने से साफ प्रतीत होता है कि यह महज सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि जानबूझकर अंजाम दी गई साजिश है। हम शासन स्तर पर बात कर निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराएंगे।



इस दौरान महावीर जैन समिति के अध्यक्ष अनिल जैन, सचिव जिनेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष अजीत जैन, संजय जैन, जिनेन्द्र जैन, अरविन्द जैन, सुधीर गोठी, कन्हैयालाल मरोठी, धर्मेश सिंघवी, डॉ नीरज जैन, प्रशांत जैन, मनीष जैन, सुनील दरडा, नीलेश जैन, प्रदीप कुमार जैन, प्रमेश जैन, सुधीर जैन, आनंद जैन, सुनील बैसाखिया, राजकुमार जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे।

### ज्ञापन में उठाए सवाल

- **पीछे से मारी टक्कर :** बुधवार 20 मई की सुबह पैदल विहार के दौरान कार एमपी 49 सीडी 8309 के चालक राशिद अली ने अत्यंत संदिग्ध तरीके से पीछे से टक्कर मारी थी। हादसे में श्रुतमति माताजी का मौके पर और उपसममति माताजी का इलाज के दौरान देवलोकगमन हो गया।
- **षड्यंत्र की आशंका :** समाज ने डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रख इसकी जांच देशद्रोही षड्यंत्र के एंगल से करने की मांग की है।
- **संत सुरक्षा प्रोटोकॉल :** मांग की गई है कि पैदल विहार करने वाले संतों के मार्गों पर विशेष ट्रैफिक नियंत्रण और प्रशासनिक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया जाए।

## नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान



**जागरण, इटारसी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय द्वारा गठित की गई नवीन कार्यकारिणी में पूर्व विधायक केपी बस्तरवार के पुत्र सुशील बस्तरवार को जिला सचिव मनोनीत किए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया। कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र मालवीय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने पूर्व विधायक केपी बस्तरवार के निवास स्थान पहुंचकर नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ओम सेन, जिला महासचिव रजनीकांत सोनकर, जिला सचिव सुशील बस्तरवार, निशा नागेश व जमील अहमद, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, मंडल अध्यक्ष हरीश अग्रवाल तथा किसान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अखिलेश पटेल का बस्तवार परिवार एवं उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया। प्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय, शेख रमजान, रामनारायण गौर, हरीश मालवीय, लखन राठौर, अनिल बस्तरवार, प्रदीप पहलवान, सविता बस्तरवार, रवि अग्रवाल, चंद्रकांत बहारे, विनीत बस्तरवार और सोनू नागेश सहित कई प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### दूषित खाने से 5 छात्र बीमार, पहुंचे अस्पताल

**जागरण, इटारसी।** शहर के एमजीएम कॉलेज के बी ब्लॉक में चल रहे एक प्रशिक्षण शिविर में शामिल छात्रों के स्वास्थ्य के साथ बड़े खिलवाड़ का मामला सामने आया है। रविवार रात करीब 10 बजे कथित दूषित भोजन के कारण पांच प्रशिक्षणार्थी छात्रों की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिन्हें आनन-फानन में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्रों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत थी। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में उस समय एक संदिग्ध मोड़ आ गया, जब अस्पताल में पहले ठेकेदार पर बदबूदार खाना देने का आरोप लगाने वाले छात्रों ने एक फोन आने के बाद अचानक यह कहा कि खाने से नहीं बल्कि गर्मी के कारण यह हुआ है। इससे पहले पीड़ित छात्रों ने बताया कि उन्हें पिछले छह दिनों से लगातार दूषित और घटिया स्तर का खाना परोसा जा रहा था। वे इसकी शिकायत लगातार कर रहे थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी।